छत्तीसगढ़ में गौण खनिज खानों की ई–निविदा/नीलामी हेतु
E-PAYMENT MANUAL

इच्छुक बोलीदार ई–टेंडर या ई–ऑक्शन हेतु निर्धारित राशि का भुगतान करने के बाद ही बोली प्रक्रिया में भाग ले पाएंगे। इस भुगतान में निविदा/नीलामी दस्तावेज़ लागत (5000/–), निविदा/नीलामी प्रक्रिया शुल्क (500/–) एवं बिड सिक्योरिटी जो कि हर निविदा/नीलामी के लिए भिन्न होगी, शामिल होंगे।

भुगतान हेतु बोलीदार अपने डैशबोर्ड में दिए गए E-PAYMENT अथवा List of NIT's, इन दो तरीकों में से किसी भी एक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

सर्वप्रथम पेज में लॉग इन करने हेतु एम एस टी सी द्वारा ई–मेल के माध्यम से प्रेषित User Id एवं Password भरें तथा BUYER के सामने दर्शित ○ में क्लिक करें तथा उसके नीचे Select Auction/Tender के पास दिखाई दे रहे ड्राप डाउन एरो पर क्लिक कर, जिस जिले अथवा DGM (ऑक्शन हेतु) द्वारा जारी NIT का आप अवलोकन करना या उसपर बोली लगाना चाहते हैं , उसका चुनाव करें ततपश्चात लॉगिन बटन पर क्लिक करें



लॉगिन बटन पर क्लिक करने के बाद डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सिलेक्ट करने Popup विंडो खुलेगा। Click to Sign बटन पर क्लिक करें ।



अपना सर्टिफिकेट सिलेक्ट कर OK बटन दबायें।



OK बटन दबायें।



सफलतापूर्वक DSC द्वारा Sign in करने पर निम्नांकित पेज खुलेगा OK पर क्लिक करें।



नीचे दर्शाया गया पेज आपका डैशबोर्ड है. इस पेज पर भुगतान हेतु दो लिंक दिए गए हैं.

1. e-PAYMENT
2. List of NIT's

बोलीदार अपनी इच्छानुसार इनमें से किसी भी एक प्रक्रिया का चुनाव कर भुगतान कर सकते हैं।



प्रक्रिया 1 :– List of NIT's

List of NIT's पर क्लिक करें।



नीचे दर्शाया गया पेज खुलने पर Choose Event के सामने दिए गए Drop Down Menu में जाकर, बोलीदार उस टेंडर अथवा ऑक्शन का चुनाव करें जिसकी बोली प्रक्रिया में वो भाग लेना चाहते हैं।



चुनाव करते ही चयनित टेंडर या ऑक्शन से सम्बंधित जानकारी नीचे दर्शाये गए पेज की तरह दिखाई देने लगेगी। अवलोकन पश्चात भुगतान हेतु पेज के नीचे की ओर दिए गए NET BANKING अथवा RTGS/NEFT बटन का चुनाव कर भुगतान करें।



भुगतान हेतु Net Banking का बटन क्लिक करने पर एक विंडो खुलेगी जिसमें पुनः Net Banking पर क्लिक करें. तत्पश्चात Drop up Down List से अपने बैंक का चुनाव कर भुगतान करें।

भुगतान हेतु RTGS/NEFT का बटन क्लिक करने पर नीचे दिखाई दे रहा पेज खुलेगा. इस पेज पर देय राशि स्वतः ही दिखाई देने लगेगी।



दिखाई दे रही समस्त जानकारी भरकर पेज के नीचे दिए Print बटन पर क्लिक करें।



प्रिंट क्लिक करने के बाद नीचे दर्शाया गया पेज खुलेगा. इस पेज में दिखाई दे रही जानकारी सही है, ये चेक कर पेज के दाहिने हिस्से में ऊपर कि ओर लिखे To Print Click Here पर क्लिक करें.



उपरोक्त पेज का प्रिंट आउट लेकर अपने बैंक कि शाखा में जा उसे जमा कर दें।

भुगतान प्राप्त होते ही बोलीदार को ई–मेल के माध्यम से MSTC द्वारा सूचना दी जाएगी।

सफलता पूर्वक भुगतान कर आप बोली प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अधिकृत हो जाएंगे।

प्रक्रिया 2 :– e-PAYMENT

ई–पेमेंट द्वारा भुगतान करने हेतु, बोलीदार अपने डैशबोर्ड में ई–पेमेंट के बटन पर क्लिक करें।



ई–पेमेंट पर क्लिक करने पर निम्न विंडो खुलेगी. इस विंडो में देय राशि स्वतः ही दिखाई देने लगेगी. भुगतान हेतु नीचे कि ओर दिए गए Net Banking अथवा RTGS/NEFT बटन पर क्लिक कर भुगतान प्रक्रिया का चुनाव करें।



भुगतान प्रक्रिया हेतु ऊपर समझाई गयी प्रक्रिया 1 के Step by Step विवरण का अनुसरण करें।

नोट :– ई–पेमेंट से पूर्व बोलीदार यह सुनिश्चित कर ले कि internet Options की विंडो खोल, Security Tab में जाकर, Custom Level Settings पर क्लिक कर Miscellaneous Options में Access Data Sources Across Domains को Enable किया गया है।



महत्वपूर्ण :–

1. बोलीदार उपरोक्त प्रक्रिया का अनुसरण केवल निविदा/नीलामी दस्तावेज़ लागत, निविदा/नीलामी प्रक्रिया शुल्क Bid security के भुगतान हेतु करें।

2. मनचाही निविदा/नीलामी का चुनाव करते समय बोलीदार अत्यंत सावधानी बरते। एक events हेतु किया गया भगतान किसी भी सूरत में दूसरे event के लिए Transfer या adjust नही किया जायेगा।

3. भुगतान पश्चात् बोलीदार एक ईमेल जिसमें विभिन्न जानकारी जैसे Payment detail, MSTC Registration Number, UTR Number, Date of remittance वापसकर्ता बैंक का नाम, राशि इत्यादि लिखा हो, नीचे दिए गए e-mail id पर प्रेषित करें।

Notes:

1. Bidders are advised to follow the above process only to make the payment towards tender document fee, tender processing fee and bid security.

2. Bidders are advised to choose the correct event from the dropdown list. It may be noted that payment received for any event will not be transferred / adjusted against any other event.

3. After making the payment, the bidder should send an email intimating the payment details like MSTC Registration No, UTR No, date of remittance, remitting bank name, amount, name of remitter etc to MSTC's office which is conducting the e-auction for the minor mineral block. The following table shows the email addresses of MSTC offices.

Sl No	MSTC Office Name	MSTC Office Code	Email

1	Raipur	NRO	rshekhar@mstcindia.co.in
2	Raipur	NRO	unneti@mstcindia.co.in